प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.06.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **लखनऊ में बहुमंजिला इमारत में चल रहे एनिमेशन सेंटर में आग लगने से 14 छात्रों की मौत, 4 गंभीर रूप से घायल : घटना की उच्चस्तरीय जांच का दिया गया आदेश।**
2. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर जताया दुख : मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक और अपर मुख्य सचिव गृह ने घटनास्थल का किया निरीक्षण।**
3. **मुख्यमंत्री ने फिरोजाबाद और अलीगढ़ में विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ : कहा– नवाचार का नया केन्द्र बना है फिरोजाबाद का ग्लास उद्योग। और**
4. **केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह गाजियाबाद में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान के 52वें स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल : कहा– 2047 तक विकसित भारत बनाने में वस्त्र मंत्रालय निभायेगा बड़ा योगदान।**

———————————

**लखनऊ के अलीगंज इलाके में आज एक बहुमंजिला इमारत में चल रहे एनिमेशन सेंटर में आग लगने से 14 छात्रों की मृत्यु हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए केजीएमयू के ट्रामा**

सेंटर में भर्ती कराया गया है। मरने वाले छात्रों की उम्र 14 से 18 वर्ष के बीच है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मौके पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि आग इमारत के अंदर लगी और तेजी से फैल गई, जिससे छात्र अंदर फंस गए। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की टीमें, पुलिसकर्मी और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव और राहत कार्य में जुट गये। श्री पाठक ने बताया कि घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिये गये हैं। घटना के लिये जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। बाइट.....

*14 बच्चे इस घटना में हताहत हुए हैं। कुल चार बच्चे घायल हुए हैं। इनको केजीएमसी ट्रामा सेंटर भेजा गया है। घटना की उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख सचिव गृह महोदय और डीजीपी महोदय मौके पर हैं और प्राथमिकता भी है घायलों को अच्छे से अच्छा इलाज मिले और घटना कैसे घटी, क्यों हुई इसके जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कह पाएंगे। पीड़ित परिवारों के साथ हमारी पूरी सरकार खड़ी है। हर स्थिति में हर संभव हम मदद करेंगे।*

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि राहत और बचाव कार्य के लिये प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को 50–50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता

देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पूरे मामले पर पुलिस महानिदेशक और अपर मुख्य सचिव गृह को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। साथ ही केजीएमयू पहुंच घायलों का हाल जाना और समुचित इलाज के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बसपा प्रमुख मायावती सहित कई नेताओं ने आग की घटना में जनहानि होने पर दुख व्यक्त किया है। सुश्री मायावती ने इस तरह की घटनाओं पर रोकथाम के लिये आवश्यक कदम उठाये जाने पर जोर दिया।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज फिरोजाबाद में 658 करोड़ रूपए से अधिक की 81 और अलीगढ़ में 462 करोड़ रूपए की 85 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण आर शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी के लाभार्थियों को चाभो और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण–पत्र, चेक तथा उपकरण वितरित किये। मुख्यमंत्री ने फिरोजाबाद के उद्यमियों और श्रमिकों की सराहना करते हुए कहा कि फिरोजाबाद का ग्लास उद्योग नवाचार का एक नया केंद्र बना है, इसने चीन को पछाड़ दिया है। बाइट.....

*जब भी सनातन धर्म के अंदर बात होती है, हर सनातन धर्मावलंबी फिरोजाबाद की चूड़ियों की ओर देखता है और सुहाग की इस नगरी को आज यहां का कारीगर यहां का उद्यमी एक नई ऊंचाई दे रहा है। मैं उन्हें आश्वस्त करता हूं, यह डबल इंजन की सरकार उनके साथ मिलकर के कार्य करेगी, उन्हें हर प्रकार से प्रोत्साहन उपलब्ध करवाएगी।*

————————————

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल नागरिक अलंकरण वर्ष 2026 के दूसरे समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। कल के समारोह में 2 पद्म विभूषण, 7 पद्म भूषण और उत्तर प्रदेश की 4 हस्तियों समेत 56 हस्तियों को पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा। एक रिपोर्ट.....**

*उत्तर प्रदेश की जिन 4 हस्तियों को कल पद्म श्री मिलेगा, उनमें कला के क्षेत्र से अनिल कुमार रस्तोगी और चिरंजी लाल यादव, शिक्षा के क्षेत्र से मंगला कपूर के नाम शामिल है, जबकि कृषि के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए मुरादाबाद के रहने वाले रघुपत सिंह को मरणोपरांत ये सम्मान दिया जाएगा। इससे पहले पिछले महीने 25 मई को श्रीमती मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित पहले नागरिक अलंकरण समारोह में 66 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए थे। इस वर्ष राष्ट्रपति ने पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कारों सहित कुल 131 पद्म पुरस्कारों को स्वीकृति दी है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

————————————

## ब्रेक

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक**

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

<u>केन्द्रीय कपड़ा मंत्री</u>

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने में वस्त्र मंत्रालय बड़ा योगदान निभायेगा। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आज गाजियाबाद स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान–निट्रा के 52वं स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संस्थान की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री पवित्र मार्गरीट भी उपस्थित थे। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि आज भारत प्रत्येक क्षेत्र मं आत्मनिर्भर बनने के साथ ही अन्य देशों की जरूरतों को पूरा कर रहा है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार अनुसंधान पर जोर देने क साथ ही स्टार्टअप को भी प्रोत्साहन दे रही हैं, जिसमें निट्रा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बाइट.....

*2.5 लाख स्टार्टअप हो गए। हर सेक्टर में है। कोई ऐसा सेक्टर नहीं है जिसमें स्टार्टअप नहीं है। कभी पंजाब का पराली लोगों के लिए एक समस्या थी। चाहे सीबीजी प्लांट लगे, चाहे Nitra उसे फाइबर में परिवर्तित कर दे पराली।*

——————————

पीलीभीत के सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के अनुरोध पर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कासगंज–लखनऊ एक्सप्रेस ट्रेन को मंजूरी दे दी है। मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि इस नई ट्रेन चल जाने से पीलीभीत के साथ लखीमपुर खीरी, सीतापुर सहित सम्पूर्ण तराई क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन बदायूं, बरेली, इज्ज़तनगर, पीलीभीत, पूरनपुर, मैलानी, गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर, सीतापुर, सिधौली, मोहिबुल्लापुर होते हुए पीलीभीत को राजधानी लखनऊ से जोड़ेगी। श्रो प्रसाद ने प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इस ट्रेन के संचालन से यहां का कार्य व्यापार और पर्यटन भी बढ़ेगा।

———————

रेलवे, गोंडा से गोंडा कचहरी के बीच पांच किलोमीटर लंबी तीसरी रेल लाइन को कमीशंड करने के लिए अगले माह प्री इंटरलॉकिंग और नॉन इंटरलॉकिंग की प्रक्रिया पूरी करेगा। इस कारण गोंडा रूट होकर चलने वाली कई ट्रेनों को सात से 11 जुलाई तक निरस्त किया जाएगा। वहीं,कई ट्रेनों के रूट बदलेंगे। छह, सात और 10 जुलाई को छपरा–मथुरा एक्सप्रेस लखनऊ नहीं आएगी।

———————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की यूजीसी–नेट जून 2026 परीक्षा आज से शुरू हुई। यह राष्ट्रीय स्तर की पात्रता

परीक्षा कंप्यूटर–आधारित टेस्ट–सीबीटी माध्यम से 30 जून तक प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। यूजीसी नेट परीक्षा उन अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जाती है, जो जूनियर रिसर्च फेलोशिप– जेआरएफ, सहायक प्रोफेसर के पदों और पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्रता प्राप्त करना चाहते हैं।

————————

कुख्यात अपराधी ललन सिंह को कल रात सहारनपुर में उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल– एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया। उसपर एक लाख 25 हजार रूपए का इनाम था। उसके एक फरार साथी की तलाश में पुलिस की कई टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं।

————————

<u>मौसम</u>

प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। वहीं गोरखपुर, महराजगंज और कुशीनगर समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गरज चमक के साथ हुई हल्की बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों में देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर और बलरामपुर समेत कई जिलों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

(समाप्त)